# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी, 2024 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

**सोमवार, दिनांक 12 फरवरी, 2024 (माघ 23, 1945)**

**समय 11.00 बजे दिन.**

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त), -**

(क) मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 (क्रमांक 18 सन् 2005) की धारा 11 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार वित्तीय वर्ष 2022-2023 की द्वितीय छ: माही के दौरान बजट से संबंधित आय और व्यय की प्रवृत्तियों का छ: माही समीक्षा विवरण एवं वित्तीय वर्ष 2023-2024 की प्रथम छ: माही के दौरान बजट से संबंधित आय और व्यय की प्रवृत्तियों का छ: माही समीक्षा विवरण, तथा

(ख) मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत बनाये गये नियम की कंडिका 9 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन नियम, 2006 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-2018 एवं 2018-2019 की अनुपालन एवं पुनर्विलोकन रिपोर्ट
पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, -**

(क) कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड का द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016-2017 एवं तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017-2018, तथा

(ख) कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 394 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 8 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023
पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री एदल सिंह कंषाना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री**, जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 की धारा 40 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) की वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2021-2022 पटल पर रखेंगे.

(4) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री, -**

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 47 की अपेक्षानुसार -

(i) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023 (30 जून, 2023 को समाप्त अकादमिक वर्ष), एवं

(ii) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) का 51 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023, तथा

(ख) महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1995 (क्रमांक 37 सन् 1995) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, करौंदी जिला-कटनी (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023, एवं

(ग) चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1991 (क्रमांक 9 सन् 1991) की धारा 36 की उपधारा (5) की अपेक्षानुसार महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जिला-सतना (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023

पटल पर रखेंगे.

(5) **श्रीमती कृष्णा गौर, राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 25 की उपधारा (4) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022 पटल पर रखेंगी.

(6) **श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, राज्यमंत्री संस्कृति,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-2021 पटल पर रखेंगे.

## 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) **श्री रामनिवास रावत, सदस्य,** श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र में पदस्थ विद्युत कर्मियों द्वारा कृषि उपभोक्ताओं पर नियम विरूद्ध विद्युत चोरी के प्रकरण बनाये जाने की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी जिला प्रारंभ होने से लंबी अवधि के बाद भी विभागों को डी.डी.ओ. कोड प्रदाय न किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर उप मुख्यमंत्री (वित्त) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. आवेदनों (याचिकाओं) की प्रस्तुति.

(1) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम कुरेठा से देगुआं चमर तक रोड निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम सन्दला-झर में हायर सेकेण्ड्री स्कूल का निर्माण कराये जाने,

(3) **श्री केशव देसाई, सदस्य,** भिण्ड जिले के गोहद अंतर्गत ग्राम चितौरा से सिद्धपुरा तक रोड निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के ग्राम नादन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(5) **श्री भैरोसिंह बापू, सदस्य,** आगर-मालवा जिले के ग्राम मगीसपुर से गोपालपुरा होते हुए गणेशपुरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के करैरा अंतर्गत ग्राम दीबट-दिदावली के मध्य बरूआ नाले पर रपटा निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री रामनिवास रावत, सदस्य,** भोपाल शहर के बी.डी.ए. कार्यालय से रचना नगर अण्डर ब्रिज तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(8) **श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य,** दतिया जिले के इन्दरगढ़ नगर में सभी रोडों के मध्य डिवाईडर एवं दोनों ओर सड़क निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री मोन्टू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम झिरीजामली से पांजरिया तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(10) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम कोल करइया में नदी पर घाट का निर्माण कराये जाने,

(11) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के काबुलखेड़ी फंटा से उपमण्डी सुखेड़ा पहुंच मार्ग की स्वीकृति प्रदान करने,

(12) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के परासिया अंतर्गत कुण्डालीखुर्द, मानकादेही मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम पंचायत बम्हौरी अंतर्गत ग्राम सिनौनी में पानी की टंकी का निर्माण कराये जाने,

(14) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम लुर्हरा से सुकौरा तक सड़क का निर्माण कराये जाने,

(15) **इंजी. श्री प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले के शासकीय सिविल अस्पताल मकरोनिया में दंत चिकित्सा विभाग प्रारंभ किये जाने,

(16) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में कृषि महाविद्यालय खोले जाने,

(17) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के सरदारपुर के जैलाना में आदिवासी बालक छात्रावास एवं बरमण्डल तथा दत्तीगांव में 50 सीटर आदिवासी बालिका छात्रावास प्रारंभ करने,

(18) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड क्रमांक-28 हरनामपुरा बजरिया की पुलिया का पुनर्निर्माण कराये जाने,

(19) **श्री विपिन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले की ग्राम पंचायत पानपुर में सोमली नदी पर रपटा निर्माण कराये जाने,

(20) **श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम खेरी से सिमरिया तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(21) **श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य,** शहडोल जिले के ब्यौहारी अंतर्गत जयसिंह नगर में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराये जाने,

(22) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड क्र.-65 विष्णु कॉलोनी में सड़क निर्माण कराये जाने,

(23) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के विजयराघवगढ़ अंतर्गत ग्राम हदरहटा के उटिन टोला से हर्रई बरनमहगवां तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(24) **सुश्री रामश्री राजपूत, सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत मड़देवरा अंतर्गत ग्राम बसाई में शास. प्राथमिक शाला का निर्माण कराये जाने,

(25) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले के मनावर अंतर्गत ग्राम सावलाखेड़ी में सड़क निर्माण कराये जाने,

(26) **श्री केदार चिड़ाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के भगवानपुरा अंतर्गत ग्राम भैरूपुरा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने,

(27) **श्री अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी जिले के टीकमगढ़-झांसी मार्ग पर ओरछा रेल्वे स्टेशन के पास एक अण्डर ब्रिज बनाये जाने,

(28) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले के ग्राम कालुवार की हथनी नदी पर चौकीदार फलिया में पुलिया सह स्टाप डेम का निर्माण कराये जाने,

(29) **श्री कालुसिंह ठाकुर, सदस्य,** धार जिले के वि.ख. नालछा अंतर्गत ग्राम जुनीआली में पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(30) **श्री मधु भाउ भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम खामी से वरूण घोटा मार्ग पर पुल निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले के सेमरिया में प्रतापपुर माईनर नहर से जरमोहरा बांध तक पानी पहुंचाये जाने हेतु सब माईनर नहर का निर्माण कराये जाने,

(32) **श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम चिप्याखेड़ी एवं घुघसी के मध्य गोई नदी पर रपटा/पुलिया निर्माण कराये जाने,

(33) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले के लालबर्रा अंतर्गत ग्राम खोगाटोला से मुरझड के मध्य सर्राटी नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री विवेक विक्की पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले की तहसील खैरलांजी को अनुविभाग (राजस्व) में उन्नयन किये जाने,

(35) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम खेरदा से जुनापानी जैनुद नवलपुरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृति प्रदाय करने,

(36) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के अटेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडियाखेड़ा के बघेल विहार में विद्युत सेपरेशन का कार्य कराये जाने,

के संबंध में आवेदन (याचिका) प्रस्तुत करेंगे.

## 5. अनुपस्थिति की अनुज्ञा.

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 38-देवरी से निर्वाचित सदस्य, श्री बृजबिहारी पटेरिया को विधान सभा के फरवरी, 2024 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

## 6. वर्ष 2013-2014 एवं वर्ष 2016-2017 के आधिक्य व्यय के विवरणों का उपस्थापन.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, वर्ष 2013-2014 एवं वर्ष 2016-2017 के आधिक्य व्यय के विवरणों का उपस्थापन करेंगे.

## 7. वर्ष 2024-2025 के वार्षिक वित्तीय विवरण का उपस्थापन.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, वर्ष 2024-2025 के वार्षिक वित्तीय विवरण का उपस्थापन करेंगे.

## 8. वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक (लेखानुदान) का उपस्थापन.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक (लेखानुदान) का उपस्थापन करेंगे.

## 9. शासकीय विधि विषयक कार्य.

**(1) श्री राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री (चिकित्सा शिक्षा),** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 1 सन् 2024) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

**(2) श्री गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री,** प्रान्तीय लघुवाद न्यायालय (निरसन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 2 सन् 2024) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

**(3) श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वाणिज्यिक कर)**, मध्यप्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 3 सन् 2024) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

## 10. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री रामेश्वर शर्मा, सदस्य द्वारा दिनांक 7 फरवरी, 2024 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का ..... पुनर्ग्रहण

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं.".

**ए. पी. सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 11 फरवरी, 2024**